## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**जुन्नारदेव:** जिला आयुष अधिकारी छिंदवाड़ा के दिशानिर्देशानुसार विश्व होम्योपैथिक दिवस २७०वें हनीमैन जयंती पर शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नवेगांव सेनेटोरियम द्वारा ग्राम पंचायत बदनूर के प्रांगण में गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थिति में डा. हैनिमैन जयंती हर्षोल्लास के साथ दीप प्रज्वलित कर मनाया गया।इस दौरान शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के समस्त स्टाफ डा.राजेंद्र कुमार राम, डा.शिवानी महाजन, डा.अनीता शिववंशी,होम्यो. कंपाउंडर संजू लोखंडे,वार्ड बॉय शिव प्रसाद यदुवंशी,योग सहायक श्री योगेश यदुवंशी,एवं नीतेश यदुवंशी एवं श्रीमती शशि आरसे का सामूहिक सहयोग रहा। इस अवसर परभूषण सूर्यवंशी(भाजपा मंडल अध्यक्ष जुन्नारदेव ग्रामीण) आशीष सूर्यवंशी(भाजपा युवा नेता) रमेश उइके (सरपंच ग्राम पंचायत बदनूर) महेश राठौर(उपसरपंच बदनूर), अशोक यदुवंशी(सचिव ग्राम पंचायत बदनूर),श्रीमती सीमा कैथवास(रोजगार सहायक GRS), सतीश यदुवंशी(ग्राम पटेल उपस्थित थे। निःशुल्क स्वास्थ शिविर में कुल१६८ मरीजों का अवलोकन कर निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियां वितरण कर स्वस्थ रहने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए गए।

### इंग्लिश टॉकिंग में आत्मविश्वास बढाने स्कूल में कार्यशाला



**पांढुर्णा।** छात्र छात्राओं की प्रगति में मदद एवं ज्ञान को रोचक बनाने के लिए समय-समय पर राम शांति विद्या मंदिर विविध वर्कशॉप का आयोजन करती आयी है। इसी श्रृंखला में डेरेक ओ'ब्रायन एंड एसोसिएट्स की ओर से आज विद्यार्थियों के लिए वर्कशॉप संपन्न हुआ जिसमें "आप कैसे एस रेडी हैं ?" नामक प्रोग्राम के तहत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। यह इंटरैक्टिव वर्कशॉप जूम पर ऑनलाइन आयोजित की गई। जीवन कौशल और अंग्रेजी बोलने में आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु यह वर्कशॉप महत्वपूर्ण रही।

## हनुमान जयंती आज: मंदिरों में होंगे हवन पूजन और जगह जगह होगा भंडारा

# जामसांवली, सिमरिया हनुमान मंदिर में उमड़ेगा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

शनिवार को शहर सहित जिले के सभी विकासखंडों में स्थित हनुमान मंदिरों में धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाई जाएगी। शनिवार को जामसांवली और सिमरिया हनुमान मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा।

मध्यप्रदेश के पांढुर्णा जिले में स्थित जामसांवली का चमत्कारिक हनुमान मंदिर श्रद्धा और आस्था का प्रसिद्ध केंद्र है। यह मंदिर सौंसर तहसील मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर, नागपुर-छिंदवाड़ा नेशनल हाईवे पर बजाज चौक से पांढुर्णा मार्ग पर एक किलोमीटर की दूरी पर सांवली में स्थित है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां पीपल के पेड़ के नीचे विश्राम अवस्था में विराजमान हनुमान जी की श्रीमूर्ति है, जिनकी नाभि से पवित्र जल प्रवाहित होता है। जामसांवली मंदिर के संबंध में कई किवदंतियां हैं। जनश्रुतियों के अनुसार, इस स्थान पर हनुमान जी की श्रीमूर्ति स्वयंभू प्रकट हुई थी। इस तरह की लेटी हुई और ऊर्ध्वमुखी प्रतिमा संपूर्ण भारतवर्ष में कहीं और देखने को नहीं मिलती है, जो इसे अत्यंत विशिष्ट बनाती है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, प्रारंभ में हनुमान जी की प्रतिमा खड़ी अवस्था में थी। वर्षों पूर्व कुछ चोरों ने प्रतिमा के नीचे खजाना छिपे होने की अफवाह के कारण इसे हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान मूर्ति अपने स्थान से हिली नहीं, बल्कि अपने-आप विश्राम अवस्था में लेट गई। कई प्रयासों के बावजूद मूर्ति को हिलाया नहीं जा सका, यहां तक कि 20 बैलों की सहायता से भी मूर्ति को टस से मस नहीं किया जा सका। मंदिर के इतिहास के बारे में कोई प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, लेकिन लगभग 100 वर्ष पूर्व के राजस्व अभिलेखों में यहां हनुमान जी की उपस्थिति का उल्लेख मिलता है। कुछ लोगों का मानना है कि भगवान श्रीराम इस स्थान पर पीपल के पेड़ के रूप में विराजमान हैं, जबकि हनुमान जी उनके चरणों में लेटे हुए हैं। हनुमान जी की इस श्रीमूर्ति की एक अन्य विशेषता यह है कि उनकी नाभि से निरंतर जल प्रवाहित होता रहता है।

### मानसिक रोगियों के लिए आस्था का केंद्र

जामसांवली का श्री हनुमान मंदिर मानसिक रोगियों के उपचार के लिए भी विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यहां मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से भी हजारों मानसिक रोगी अपने परिजनों के साथ आते हैं। परिजनों का विश्वास होता है कि मंदिर परिसर में ठहरने और पूजा-अर्चना करने से रोगी स्वस्थ हो जाएगा। हालांकि, मानसिक रोगियों को उचित उपचार की आवश्यकता को देखते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित 'ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान' द्वारा मंदिर परिसर में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र संचालित किया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन के सहयोग से माह के पहले और तीसरे मंगलवार को निशुल्क ओपीडी का आयोजन किया जाता है। इस ओपीडी में मनोचिकित्सकों द्वारा रोगियों का परामर्श और इलाज किया जाता है तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। संस्था के प्रयासों से विगत 13 वर्षों में हजारों मानसिक रोगी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। धार्मिक आयोजन और मेला- जामसांवली हनुमान मंदिर में वर्षभर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। हनुमान जयंती के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इसके अलावा रामनवमी, दीपावली और अन्य धार्मिक पर्वों पर भी मंदिर में विशेष आयोजन होते हैं।

### मंदिर ले रहा है हनुमान लोक का भव्य स्वरूप

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और आस्था को देखते हुए म.प्र. शासन द्वारा मंदिर परिसर में सुविधाओं का विस्तार करते हुए 'हनुमान लोक' का निर्माण किया जा रहा है, जिसे उज्जैन के 'महाकाल लोक' की तर्ज पर भव्य रूप दिया जा रहा है।मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में बनाए जा रहे इस भव्य 'हनुमान लोक' परियोजना पर 314 करोड़ रुपये की लागत आएगी। तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा में इस परियोजना की घोषणा की थी। तत्पश्चात राज्य शासन ने प्रथम चरण के लिए 35.09 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की थी। इसी के तहत 24 अगस्त 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 'हनुमान लोक' की आधारशिला रखते हुये भूमि पूजन किया था।

## अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव का फैसला

# पत्नि की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव श्री महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 04/2025 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी मदन शीलू पिता जंगलू उम्र 40 साल निवासी ग्राम मेढ़का थाना दमुआ,जिला छिंदवाड़ा को अपनी पत्नी आरती की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं , 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा मध्य प्रदेश शासन की ओर से पैरवी की गई तथा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं की दिनांक 02/11/2024 को सुबह 10:00 बजे थाना दमुआ जिला छिंदवाड़ा में आरोपी मदनशीलू ने आरती की मृत्यु की सूचना देते हुए थाना आकर देहाती नालीसी /मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराई कि उसकी पत्नी की पेट दर्द होने के कारण अचानक आकस्मिक मृत्यु हो गई है जिस पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर प्रारंभिक विवेचना प्रारंभ की गई एवं मर्ग जांच के उपरांत यह पाया कि मदन शीलू ने ही उसकी पत्नी आरती शीलू के साथ बंद कमरे में गंभीर रूप से शराब पीकर मारपीट की थी जिस पर उसकी पुत्री माही उम्र 9 वर्ष ने बयान में बताया कि मदनशीलू ने ही आरती के साथ गंभीर मारपीट कर आशय पूर्वक जानते हुए उसकी हत्या की थी । अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों के आधार पर अपराध प्रमाणित पाए जाने के आधार पर मामला संदेह से परे प्रमाणित हुआ ।

पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर सघन विवेचना कर अपराध पंजीकृत किया गया था, तथा न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में कुल 14 गवाह संयोजित किए गए थे जिनमें से अभियोजन द्वारा 7 गवाहों का परीक्षण न्यायालय में कराया गया एवं कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी मदन शीलू को धारा 103 (1) बी एन एस 2023 के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी मदन शीलू को आजीवन कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

प्रकरण में संपूर्ण विवेचना थाना प्रभारी आशीष धुर्वे एवं तरुण मरकाम द्वारा की गई एवं मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।

### समूह की महिलाओं ने पोस्टर के माध्यम से जाना जल का महत्व ओर लिया शपथ

**छिंदवाड़ा।** जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 की नवांकुर संस्था मानव जन कल्याण सेवा समिति के द्वारा जनपद पंचायत के परिसर मे जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन मे किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता, श्यामल राव ने उपस्थित जनो को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती हे यदि हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण किया जाना चाहिए । हम जल किस तरह से बरबाद करते हे पर आधारित कार्टूनिस्ट राजकुमार चौहान के द्वारा जनहित पर बनाये गये जल का करते दुरूपयोग को कैसे संरक्षण करना हे पर आधारित चित्रो का प्रदर्शन कर जल की उपयोगिता से अवगत कराया। वही घरेलू बोर हैंडपंप,व कुए-के पानी का किस तरह से संरक्षण जैसे कई नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है। उसी तरह बरसात में पानी बचाने के लिए कोई अथक प्रयास नहीं किया जाता यदि हम बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता है।

# आबकारी टीम की अवैध शराब के अड्डों एवं ढाबों पर छापेमार कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं ज़िला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा प्रातः वृत्त प्रभारी श्री आकाश मेश्राम के नेतृत्व में सर्वप्रथम ग्राम सोमाढाना में जंगल में बहने वाले नाले के किनारे पानी के अंदर छुपाकर रखी गई प्लास्टिक की पन्नियों में भरे हुए महुआ लाहन को खोलकर विधिवत नष्ट किया गया ।

इसके बाद ग्राम के ही गोसाईंढाना में जंगल के अन्दर प्लास्टिक के ड्रमों में भरकर रखे हुए महुआ लाहन को भी विधिवत नष्ट किया गया। अंत में ग्राम गंगई में डैम के किनारे प्लास्टिक की पन्नियों में भरकर रखे गए महुआ लाहन को खोजकर विधिवत नष्ट किया गया तथा मौके पर पाई गई हाथ भट्टी मदिरा आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में कुल 8 प्रकरण दर्ज कर 7500 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 40 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी श्री कैलाशचंद्र चौहान, श्री भारती गोंड, आबकारी उप निरीक्षक श्री जीत सिंह धुर्वे, श्री अनिकेत पटेल सहित आबकारी आरक्षक उपस्थित थे। इस कार्यवाही के बाद आबकारी टीम द्वारा रिंग रोड के किनारे होटल-ढाबों की गहन तलाशी लेकर, प्रतिष्ठा ढाबा, उड़ता पंजाब ढाबा, खालसा ढाबा के संचालकों के विरुद्ध कुल 27 बीयर की कैन जप्तकर म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। गत दिवस भी हाइवे हांडी ढाबा से कुल दो शराब की बोतल सहित 13 पाव व्हिस्की जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया । इसी तहर गत रात्रि में परासिया क्षेत्र के आबकारी अमले द्वारा, गढ़ेवाल भोजनालय, जायसवाल भोजनालय एवं खालसा होटल से 12 पाव व्हिस्की एवं 05 बोतल बीयर जप्त कर उनके संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किये गये।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर गदा यात्रा एवं भजन संध्या का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** मारूतिनंदन सेवा समिति श्री सिद्ध सिमरिया धाम द्वारा प्रतिवर्षानुसार श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर दिव्य कार्यकम आयोजित किये गए हैं। मारूतिनंदन सेवा समिति के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि, दिनाँक 12 अप्रैल दिन शनिवार को प्रातः 8.00 बजे श्री सिद्ध सिमरिया धाम में सुंदरकाण्ड का पाठ आरंभ होगा । शहर के सुप्रसिद्ध सुन्दरकाण्ड ग्रुप द्वारा पाठ किया जायेगा। प्रातः 9.30 बजे श्री हनुमान भक्त कमलनाथ जी, श्री हनुमान भक्त नकुलनाथ जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, अभिषेक किया जायेगा। प्रातः 10.00 बजे मोहखेड विकासखंड के भजन मंडलों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी । प्रातः 11.00 बजे महाप्रसाद वितरण तथा संध्या 7.00 बजे से सिमरिया धाम में विशाल भजन संध्या होगी।

## आपके द्वार अभियान के तहत महापौर ने जानी समस्याएं



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम महापौर विक्रम अहके आपका महापौर आपके द्वार अभियान के अंतर्गत विभिन वार्डो में पहुंच कर लोगों से उनकी समस्या जानकार उनका निराकरण करते है। इसी क्रम में महापौर विक्रम अहके ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 47 के साहू मोहल्ला में पहुंचकर वार्ड वासियों से मुलाकात कर स्थानीय कार्यों को लेकर चर्चा की एवं सभी का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान साथ में उपयंत्री सचिन पाटील, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सुनील मालवी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# टेलेन्ट राइजिंग किड्स वर्ल्ड में जारी है नाट्य कार्यशाला

**वरिष्ठ रंग गुरू, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विजय आनन्द दुबे दे रहे बच्चों को प्रशिक्षण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

एक समय था जब थिएटर को केवल वयस्कों की अभिव्यक्ति का माध्यम समझा जाता था, लेकिन अब यह धारणा तेजी से बदल रही है। छिंदवाडा जिले में थिएटर की दुनिया में बच्चों व युवाओं की भागीदारी न केवल बढ़ी है, बल्कि वह अब थिएटर की मुख्यधारा का हिस्सा बन चुकी है। शहर की प्रमुख नाट्य संस्थाएं इस दिशा में एक संगठित और निरंतर प्रयास कर रही हैं। हर साल गर्मियों के दौरान आयोजित होने वाली थिएटर वर्कशॉप्स सिर्फ अभिनय सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि एक व्यापक व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला बन चुकी हैं। इन वर्कशॉप्स में बच्चों को थिएटर की विभिन्न विधाओं संवाद, अभिनय, मंचीय प्रस्तुति, शारीरिक भाषा, कथाकथन और लेखन से परिचित कराया जा रहा है। विभिन्न विषयों पर सोचने, महसूस करने और अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता भी दी जाती है। इससे सामाजिक संवाद की बुनियादी समझ भी मिल रही है। टैलेंट राइज़िंग किड्स वर्ल्ड द्वारा 15 दिवसीय वर्कशॉप आयोजित जारी है। इसमें अभी 10 से 15 साल की उम्र के करीब 40 बच्चे रंगकर्म का प्रशिक्षण ले रहे हैं। वर्कशॉप में बच्चों को बॉडी मूवमेंट, मेकअप, रीडिंग, लाइट, ड्रेसिंग सिखाई जाएगी। जब बच्चे थिएटर से जुड़ते हैं, तो उन्हें सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, टीमवर्क और भावनात्मक समझ की शिक्षा मिलती है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी झांकी शोभायात्रा

**दमुआ।** श्री हनुमान जयंती के पास पावन अवसर पर आज 12 अप्रैल दिन शनिवार को श्री दादा हनुमान जी मंदिर धाम में विशेष रूप से पूजा अनुष्ठान के कार्यक्रम होंगे जिसमें श्री हनुमान जी को सिंदूर लंगोट चोला चढ़ेगा और हनुमान चालीसा का पाठ एवं सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम भी होगा पूजन अनुष्ठान हवन पूजन पूर्णाहुति के पश्चात श्री दादा हनुमान जी का मंदिर धाम में विधिवत कार्यक्रम भी होंगे फिर प्रसादी भंडारी का कार्यक्रम भी रखा गया है नगर शहर के सभी श्री हनुमान जी के मंदिरों में प्रातः कल सुबह से ही देर रात्रि तक विशेष पूजन अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजन होंगे श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल प्रखंड दमुआ एवं हिंदू उत्सव समिति दमुआ के संयुक्त तत्वाधान में विशाल भव्य झांकी रैली निकाली जाएगी जबकि समस्त श्री राम भक्त और हनुमान जी जी के भक्तजनों से सभी घोड़ावडी हनुमान मंदिर में एकत्रित होंगे फिर झांकी रैली शोभा यात्रा रैली के रूप में करमोहनी बंधी पुरैना खालसा होते हुए नीमढना ,झरना ,कुटुंब देव , दमुआ इंदिरा चौक, बस स्टैंड दमुआ, मार्केट बैरियर क्षेत्र दमुआ, तिरंगा चौक आठ नंबर ,काली छप्पर नंबर 7 नंदन में मार्केट से होते हुए विवेक नगर 6 नंबर माइनस चौक कॉलवाशरी राखी कोल माइंस कॉलोनी ,डबल स्टोरी और रामनगर होते हुए झांकी रैली हमारे हनुमान मंदिर दमुआ पहुंचेगी फिर पूजन पाठ आरती करने के पश्चात रैली का समापन होगा और प्रसादी भंडारे के कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर पूर्ण लाभ अर्जित करेंगे।

## महिलाएं निकालेंगी दुपहिया वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आगमी 14 अप्रेल को भारत रत्न संविधान निर्माता अंबेडकर जयंती पर मेहरा डेहरिया समाज के द्वारा भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। मेहरा डेहरिया समाज महिला प्रकोष्ठ की सचिव रैना हारले ने जानकारी देते हुये बताया कि हमारी मोटर साइकिल दुपहिया वाहन रैली में पूरे जिले से सैकड़ों वाहनों से भारी तादाद में महिलाएं शामिल होगी जिसको लेकर हमारी महिला टीम लगातार सभी ब्लाकों में महिलाओं की बैठक आयोजित कर रेली में शामिल होने आतुर है। सभी महिलाएं बाबा साहेब की जयंती को लेकर उत्साहित हैं। रैना हारले ने आगे बताया कि सभी महिलाएं का ड्रेस कोड नीले रंग की साड़ी होगा जो स्कूटी में शहर भ्रमण करते हुऐ कुशमेली मंडी रोड समाजिक भवन पहुँचेगी। रैली को पोला ग्राउंड(दशहरा मैदान)से प्रारंभ होकर फव्वारा चोक, अंबेडकर तिराहा,बस स्टैंड मानसरोवर काम्प्लेक्स के सामने से होती हुई यातायात पुलिस थाने के सामने से चारफटक नरसिंहपुर रोड से कुशमेली मंडी रोड स्थित सामाजिक भवन पहुच कर जहां सभा आयोजित होगी । जिसके मुख्यातिथि जिले के सांसद विवेक बंटी साहू विशेष अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह,दीपक सक्सेना महापौर विक्रम आहाके मौजूद रहे।

# गौधुली वृद्धाश्रम बनेगा मध्यप्रदेश का मॉडल वृद्धाश्रम

**विभिन्न कार्यों में पारंगत वृद्धजन स्वेच्छा से बनाएंगे दीप बाती,पेपर बैग,पापड़, अगरबत्ती**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

इस नवाचार के लिए वृद्धजनों ने खुद आगे आकर दिए सुझाव एवं अपने अनुभव साझा किएवृद्धाश्रम की खाली जगह में होगी बागबानी एवं फूलों की खेतीमहापौर विक्रम अहके जी आज प्रातः गौधुली वृद्धाश्रम में बुजुर्गजनो का कुशलक्षेम जानने पहुंचे एवं वहा की साफ सफाई का जायजा लिया।

जहां पर वृद्धजनों से बात करते हुए उन्होंने देखा कि कुछ लोग जो कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर चुके है और अब वृद्धाश्रम में आकर शांति से अपना आगे जा जीवन यापन कर रहे है लेकिन स्वेच्छा से दिन में कुछ कार्य करना चाहते है ताकि शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहे एवं अपने कार्य में व्यस्त रहे इस हेतु महापौर विक्रम अहके जी ने सभी के आग्रह पर दीप बाती, अगरबत्ती, पेपर बैग जैसे कार्य को करने के लिए यथास्थान पर व्यवस्था बनवाई ताकि इच्छुक वृद्धजन अपनी योग्यता अनुसार कार्य कर सके साथ ही आश्रम में स्थित खाली जगह पर बागबानी एवं फूलों की खेती की जाए इस हेतु भी व्यवस्था बनवाई इस अनूठी पहल का सभी ने स्वागत किया और आशीर्वाद दिया इस अनूठी पहल में जनभागीदारी के साथ भी कार्य किया जाएगा।

वृद्धाश्रम में बनाए गए उत्पादों का विक्रम भी वही पर संचालक समिति द्वारा किया जाएगा और प्रतिदिन आने वाले आगंतुक जन सेवा भाव से उन उत्पादों को खरीद सकेंगे जिसका फायदा निश्चित रूप से वृद्धाश्रम को भी होगा और सकारात्मक भाव के साथ सभी लोग मिल जुल कर अपना जीवन यापन कर सकेंगे इस दौरान साथ में उपयंत्री सचिन पाटिल जी,जोनल अधिकारी सुनील मालवीय जी, आश्रम संचालक चौरीया जी, कपाले जी साथ ही वार्डवासी एवं बुजुर्जन उपस्थित हुए।

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में होगा जन्माभिषेक, शाम को निकलेगी श्रीहनुमानजी की शोभायात्रा

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। श्री हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर नगर के लगभग प्रत्येक मंदिर में तैयारीयाँ पूरी हो चुकी है। नगर के आस्था के प्रमुख केंद्र श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में शनिवार, 12 अप्रैल को तड़के 5 बजे श्री हनुमानजी का जन्म अभिषेक किया जाएगा, तत्पश्चात हवन, पूजन व आरती होगी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

नगर के अन्य मंदिर आबकारी हनुमान मंदिर, सुकरी हनुमान मंदिर, हमारे हनुमान मंदिर में भी श्री हनुमान जन्मोत्सव को हर्षोल्लास से मनाए



जाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर नगर के समस्त सनातनी अनुयायियों से इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील की है। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा लगातार 45 वे वर्ष में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा नगर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से शाम 5:30 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। यहां पर भगवान श्री हनुमान जी की महा आरती के पश्चात भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं से इस शोभायात्रा का अपने घरों के समक्ष पांच दीपक जलाकर एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर स्वागत करने की अपील की है।

### शोभायात्रा का इस तरह होगा मार्ग

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से यह विशाल शोभायात्रा गांधी चौक, श्री राम मंदिर, नाग मंदिर से होती हुई रेलवे कालोनी पहुंचेगी। यहां से यह शिव मंदिर, सिनेमा रोड से पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी चौक पर आएगी। इसके पश्चात यह विशाल शोभायात्रा पुरानी बस्ती, लक्ष्मी नारायण मंदिर, कर्मा चौक से तहसील मार्ग की ओर चल पड़ेगी। इसके पश्चात यह सब्जी मंडी से वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। यहां पर श्री हनुमान जी की महाआरती के उपरांत महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा।

### भस्म आरती की चलित झांकी का होगा प्रदर्शन

इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली जा रही भव्य एवं विशाल शोभायात्रा में उज्जैन की श्री महाकाल की भस्म आरती की चलित झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर इस झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा इसमें औघड़ बाबा का हैरत अंगेज प्रदर्शन, भभकती हुई आग एवं उड़ती हुई भस्म को दिखाया जाएगा। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली जा रही है. इसमें डीजे की धुन पर युवजन थिरकते नजर आएंगे. वहीं इस दफा इस विशाल शोभायात्रा में जगमगाती विद्युत व्यवस्था की गई है. इसके अतिरिक्त रथ में श्री हनुमानलला की मूर्ति का पूजन अर्चन कर उनका नगर भ्रमण होगा। जहां पर जगह-जगह उनका पूजन अर्चन किया जाएगा।

## भजन सम्राट अनूप जलोटा, गायक सन्नी अलबेला ने दी प्रस्तुतियां

# श्रीमूर्ति के दर्शन करने जामसांवली आएंगे लाखों भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

शनिवार को सौसर क्षेत्र में धूमधाम के साथ में श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में शुक्रवार को प्रसिद्ध गायक सनी अलबेला के द्वारा भक्ति में गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की बार-बार तालियां बटोरी,शनिवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का दोपहर 2 बजे चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली में आगमन होगा, हनुमान जयंती की पूर्व संध्या से ही जामसावली मंदिर में हजारों भक्तों का आना शुरू हो गया था।

आयोजन को लेकर पांढुर्णा पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, के द्वारा सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, डीएसपी डी व्ही नागर, चमत्कारी हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा के साथ आयोजन मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, पूर्व संध्या पर श्री हनुमान मंदिर जामसांवली में सर्वोच्च न्यायालय अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय संचेती कलेक्टर छिंदवाड़ा शीलेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे,जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार ने अपने परिवारों के साथ आरती में भाग लिया भक्तिमय में गीतों भजनों पर झूम उठे हनुमान भक्त6 अप्रेल से जामसांवली श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर (हनुमान लोक) में चल रहे हनुमान जन्मोत्सव में गुरुवार की रात्रि में भजन संध्या, गंगा महाआरती का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान वाराणसी से आए विशेष पुरोहितों के द्वारा मां गंगा की आरती की,भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के द्वारा श्रीराम स्तुति ओर भजनो की प्रस्तुति दि, भजन संध्या कार्यक्रम में अध्यक्ष गोपाल शर्मा के द्वारा भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ वरिष्ठ अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया।

### प्रथम बार हुए भव्य दिव्य आयोजन की दर्शकों की प्रशंसा

भजन संध्या आयोजन में सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड़, मध्य नागपुर विधायक प्रवीण दटके, विधायक परिणय फुके,भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़,राहुल देव ठाकरे, कलेक्टर अजय देव शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निरज सोनी,मंदिर समिति पदाधिकारी दादाराव बोबडे, टीकाराम कारोकार, शिशिर खंडार, किशोर देवपुजारी, मोहन ताजने,एड अजय धवले,दिलीप बत्रा, आदि ने उपस्थित होकर भजन संध्या का पुण्य लाभ लिया।

### मंदिर कमेटी ने बनाई भक्तों के लिए पुख्ता व्यवस्थाएंः शर्मा

शनिवार को संपन्न होने वाली श्री हनुमान जयंती महोत्सव में मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र से हनुमान भक्तों का जनसैलाब उमड़ने वाला है,मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया 3 लाख से अधिक की तादाद में श्री हनुमान मंदिर भक्तों का आगमन होगा, मंदिर में आने वाले हनुमान भक्तों के लिए पेयजल,स्वास्थ्य,पुलिस सिक्योरिटी गार्ड सुरक्षा,पार्किंग,महाप्रसाद, सीसीटीवी से निगरानी विशाल मंडप,एम्बुलेंस, सहायता केंद्रआदि की भरपूर व्यवस्था की गई है,शनिवार रात्रि 2 बजे त्रिमूर्ति का रुद्राभिषेक, एवं सुबह 5 महा आरती की जाएगी, संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक आधुनिक साजसज्जा,स्वागत द्वार,भगवा पताकाओं,रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है।

## जिला जेल में साध्वी प्रतिमा बहन का सत्संग का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशानुसार जिला जेल में कैदियों के उत्थान हेतु कई धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं । इसी कड़ी में प्रतिमाह अनुसार परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की कृपा पात्र शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन का दिव्य सत्संग सम्पन्न हुआ । साध्वी बहन ने जेल में निवासरत बंदियों को बताया कि आप इसे जेल ना समझें। यह एक तपस्या स्थली है ।ऐसा सोचें हमको ईश्वर ने ध्यान , भजन , कीर्तन करने के लिए एकांतवास दिया है । हम लगभग 3 वर्षो से यहाँ आकर सभी तीज त्यौहार और पर्व मनाते हैं । अभी चैत्रमास का महीना चल रहा है । यह बहुत ही पुण्यदायी मास है। इस मास में भगवान श्री राम , महावीर स्वामी जी , हनुमान जी , नवरात्रि और पूज्य बापूजी का अवतरण दिवस आता हैं । बहुत से महापुरुषों का जन्म चैत्रमास में हुआ है । भगवान महावीर स्वामी ने हमें अहिंसा परमोः धर्म का सन्देश दिया है । हम सबको उनका यह उपदेश जीवन मे धारण करना चाहिए ।

## झिरीघाट के हनुमान मंदिर में पूजन पाठ अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

12 अप्रैल प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर झिरीघाट के हनुमान मंदिर सारणी दमुआ मार्ग के मंदिर में विशेष पूजन अनुष्ठान का कार्यक्रम किया गया है जहां विधिवत पूजन पाठ अनुष्ठान आयोजन होंगे श्री हनुमान जी को सिंदूर लंगोट चोला चढ़ेगा और हनुमान चालीसा का पाठ सुंदरकांड का पाठ वचन एवं हवन पूजन पूर्णाहुति आरती के पश्चात विशाल प्रसाद भंडारे का कार्यक्रम आयोजन भी रखा गया है ज्ञात हो कि व्यापारी बंधु दुकानदार भाइयों एवं भक्त श्रद्धालुओं ,भक्त जनों, इष्ट मित्रों और झिरी घाट के हनुमान मंदिर समिति सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से झिरी घाट के हनुमान जी मंदिर में सभी के जन सहयोग से धार्मिक कार्यक्रम आयोजन संपन्न कराया जाता है ठीक जहां समस्त भक्त जनों से श्री हनुमान मंदिर समिति झिरीघाट वाले सभी भक्तजनों भक्त श्रद्धालु धर्म प्रेमियों नागरिकों ग्रामीण जनों से आग्रह करते हुए आवाहन किया है कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन शुभ अवसर पर झीरी घाट के हनुमान मंदिर पहुंचकर दादा जी श्री हनुमान जी के पूजन पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसादी भंडारे ग्रहण करें और पूर्ण लाभ अर्जित भी करें।

### मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर 12 नंबर में जवारे स्थापना



**दमुआ।** मां दक्षिणेश्वरी माता महाकाली मंदिर 24 25 खदान दमुआ नंबर 12 में जवारे स्थापित किए गए मां आदिशक्ति भवानी मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर का भव्य निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है मां काली जी की कृपा से एवं भक्तजनों के अथक प्रयास से में भाई मुकेश श्रीवास्तव एवं मित्र मंडली के प्रयास से मंदिर निर्माण कार्य लगभग पूरा होते नजर आ रहा है मंदिर निर्माण कार्य में रंग रोगन साज सज्जा मंदिर की सजावट बनावट के साथ ही मंदिर का रूप बहुत ही भव्य और सुंदर दिखाई पड़ रहा है मंदिर में माता रानी के दरबार में सुबह शाम पूजन पाठ अनुष्ठान माता की आराधना और आरती की जाती है भक्त श्रद्धालु जन मन से मन की सेवा में लगे नवनिर्माण मंदिर का भव्य रूप देखते ही बनता है सभी भक्त श्रद्धालु धर्म प्रेमी दूर-दूर से माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं माता सभी भक्तों के भंडार भरती है और खुशहाल रखती है मंदिर प्रांगण में 13 तारीख दिन रविवार को हवन पूजन अनुष्ठान के साथ जवारे का विसर्जन किया जाएगा तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा समिति ने सभी भक्त श्रद्धालुओं नागरिक गणों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर प्रांगण दर्शन हेतु पहुंचे एवं पुण्य लाभ अर्जित करें

## गर्मी में आठ से दस दिनों तक नहीं मिल पा रहा पेयजल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

अभी गर्मी की शुरुआत हुई है और सिंगोड़ी में नल से जल आठ से दस दिनों में एक बार मिल रहा है। वही प्यास बुझाने और निस्तार के पानी को लेकर कुआ और बोर से सर पर रखकर पानी लाने ग्रामीण मजबूर हो रहे है, ग्राम पंचायत से लेकर जनपत पंचायत के अधिकारी कर्मचारी समय रहते इस और ध्यान नहीं दे रहे।इस मामले को लेकर ग्रामीणों में बढ़ रहा भारी आक्रोश। कहने को तो अमरवाड़ा विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी है मगर इस पंचायत में मूल भूत सुभिदा नदारत है इस समय पंचायत में कई कई दिनो नल जल सप्लाई नहीं हो रही है। हर वार्ड की जनता पानी के लिए तरस रही है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड नई आबादी क्षेत्र में है जहा आठ से दस दिनों में नल से पानी सप्लाई की जा रही है। पूर्व के समय यह परेशानी नही थी। पूर्व के समय यह परेशानी नही थी पूर्व सरपंच योगेश यादव एवं रेखा कैलाश साहू के भीषण गर्मी में भी कभी पानी सप्लाई बाधित नहीं हुई मगर इस वर्ष पानी की समस्या ने पूर्व सरपंचों के कार्यकाल की लोगो को याद दिला दिए। वही ग्रामीणों ने संबधित अधिकारियों से मांग की है की नियमित नल जल सप्लाई चालू की जाए।



### होम्योपैथिक शिविर का जोबनी में हुआ आयोजन

**सौसर।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष में मध्य प्रदेश शासन संचनालय आयुष भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ भदारे के मार्गदर्शन में ग्राम जोबनी में मेगा निशुल्क होम्योपैथिक शिविर का आयोजन का डॉ प्रमोद तेलंगे द्वारा किया गया,आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच पातीराम धुर्वे के द्वारा डॉ हैनीमैन के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए शिविर का शुभारंभ किया गया,डॉ प्रमोद तेलंगे होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि एवंग्राम के जनमानस को डॉ हैनीमैन के संघर्ष को एवं होम्योपैथी के सिद्धांत को बताया गया, ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य को लेकर निशुल्क होम्योपैथिक शिविर आयोजन में217 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको निशुल्क होम्योपैथिक औषधि वितरण की गई है, इस स्वास्थ्य शिविर में दिवाकर वड़ासकर और औषधालय सेवक श्रीमती कविता भारती सुनील सनेसर द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया, आयोजन के दौरान मरीजों को भारत एवं मध्य प्रदेश सरकार आयुष विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के संबंध में भी जानकारी देते हुए सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई।

## झालीवाड़ा के कृषक आज बैठेंगे धरने पर, फसल को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से हैं परेशान, खेतों में खड़ी फसल सूख रही है



**वारासिवनी।** वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झालीवाड़ा व उसके आसपास के किसान 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से बस स्टैंड झालीवाड़ा में अपनी सूखती फसल को बचाने के लिए पानी दिलाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

विदित हो कि नहरों में लगाए गए अड़ावों को निकालने में प्रशासन की असफलता ने किसानों की फसल की बरबादी तय कर दी है। देखा जाए तो आज किसान ही किसान के दुश्मन बने हुए हैं। सभी किसान अपने-अपने स्वार्थ में उलझे हुए हैं और प्रशासन भी गहरी नींद में सोया हुआ है। जिसके कारण खेतों में लगी खड़ी फसल का पौधा सूखने की कगार पर है और किसान असहाय बना अपनी मेहनत की फसल को सूखते हुए देखकर खून के आंसू बहा रहा हैं।

### लेंडेझरी का अडावा निकलवाया था विधायक ने

कुछ दिनों पूर्व संजय सरोवर के भीमगढ़ बांध से ढूंटी घाट बांध में पानी छोड़ा गया था, जिसे ग्राम लेंडेझरी में अड़ावा डालकर रोकने के बाद कायदी में किसानों ने चकाजाम कर दिया था। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ने प्रशासन के अमले के साथ जाकर अड़ावे को निकलवा दिया था।

### बालाघाट विधायक ने लगवा दिया था अडावा

लेकिन शाम होते तक ग्राम लेंडेझरी के ग्रामीणों ने फिर से नहर में अडावा लगाकर पानी रोक दिया था। जिसको लेकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों व किसानों के साथ बैठक की गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने फिर से अडावा निकलवा दिया था। किंतु फिर किसानों की ओर से बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा हस्तक्षेप कर नहर में फिर से अडावा लगवा दिया गया। लेकिन संजय सरोवर परियोजना द्वारा भीमगढ़ बॉध से छोड़ा गया पानी बंद कर दिया गया। जिससे नहर में पानी आना बंद हो गया।

### विधायकों को आपस में लड़वाने का प्रयास किया था विरोधियों ने

कांग्रेस के दोनों विधायकों के बीच विवाद के बीच विरोधियों ने भी जमकर बयानबाजी अपने समर्थकों के माध्यम से करवा कर दोनों के बीच विवाद पैदा करने की कोशिश की। लेकिन दोनों ही विधायकों ने एक साथ संजय सरोवर परियोजना के भीमगढ़ बॉध जाकर वहॉ पर पानी की स्थिति को देखने के बाद इस बात को जान लिया कि अब बालाघाट जिले के किसानों को पानी नहीं मिलने वाला हैं। इसीलिए अब विधायक विवेक पटेल ने मुयमंत्री को पत्र लिखकर किसानों की फसलों का निरीक्षण कर उन्हें मुआवजा देने की मॉग कर दी हैं।

### नेताओं की बयानबाजी के बीच किसान हो रहा है परेशान

इधर नेताओं की बयानबाजी व आपसी टांग खिंचाई के बीच किसान पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहा हैं। राजीव सागर परियोजना के सितेकसा बॉध से नहरों में पानी छोड़ा गया हैं, लेकिन वह पानी भी ग्राम खापा से आगे नहीं बढ़ पा रहा हैं। जिसको लेकर शुक्रवार को ग्राम झालीवाड़ा के किसानों ने एसडीएम वारासिवनी को एक आवेदन सौंपकर पानी नहीं मिलने पर 12 अप्रैल 25 को सुबह 11 बजे से झालीवाड़ा के बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी व सूचना दी हैं। उन्होंने नहर में लगे हुए अड़ावों को हटाते हुए किसानों को पानी दिलवाने की मॉग की हैं।

### अडावों के कारण खापा से आगे नहीं बढ़ रहा नहर का पानी-संदीप पटले

ग्रामीण संदीप पटले ने बताया कि संजय सरोवर परियोजना के सितेकसा बॉध से पानी छोड़ा गया हैं, जो ग्राम खापा तक आ रहा हैं। चूँकि पानी की रतार बहुत धीमी है, इसीलिए वह ग्राम खापा से आगे नहीं बढ़ पा रहा हैं। ग्राम भजियादंड से लेकर बकेरा सहित अन्य ग्रामों में नहर में अड़ावा लगाकर पानी को रोका जा रहा हैं। जिसके कारण ही पानी नहीं आ रहा है। पानी नहीं मिलने से हमारी खड़ी फसल सूखने के कगार पर पहुँच चुकी हैं। इसीलिए हमारे द्वारा एसडीएम साहब को ज्ञापन देकर पानी की मॉग की गई है। पानी नहीं मिलने पर हमारे द्वारा 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से बस स्टैंड झालीवाड़ा में आसपास के लगभग 8 से 10 ग्रामों के ग्रामीण धरने पर बैठेंगे। इस संबंध में हमने एसडीएम व पुलिस थाना रामपायली को भी सूचना दे दी हैं।

अब देखना यह है कि प्रशासन किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए नहरों में लगाए गए अड़ावे को निकलवाने का प्रयास करता है या फिर चुपचाप बैठा रहता है।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रसिडेंट इन काउंसिल को भंग किया

### 3 को हटाकर 3 मूल भाजपाईयों को काउंसिल में समाहित करने की चर्चा आम

वारासिवनी।



नगरपालिका परिषद वारासिवनी की अध्यक्ष सरिता दांदरे द्वारा परिषद की प्रसिडेंट इन कॉउसिल को भंग कर दिया गया हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 की उपधारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए काउंसिल को भंग किया हैं।

नगरपालिका परिषद वारासिवनी के वर्ष 2022 में हुए चुनावों में तत्कालीन निर्दलीय विधायक प्रदीप जायसवाल के 10 समर्थकों व भाजपा के 5 समर्थकों ने पार्षद पद पर विजयश्री हासिल की थी। जिसके कारण निर्दलीय पार्षदों की सरकार नगरपालिका में पदासीन हुई थी और श्री जायसवाल के निर्देश पर निर्दलीय पार्षदों ने वार्ड नबर 12 की पार्षद सरिता दांदरे को अध्यक्ष चुना था।

### यह शामिल थे काउंसिल में

नगरपालिका अध्यक्ष बनने के बाद श्रीमती दांदरे ने श्री जायसवाल के ही निर्देश पर प्रसिडेंट इन काउंसिल का गठन किया था, जिसमें निर्दलीय पार्षदों संदीप मिश्रा, धर्मेश जोशी, योगेन्द्र मोनू लिमजे, मधु सुनील जायसवाल, प्रवीण डोंगरे, डॉली एड़े व मदनलाल धार्मिक को शामिल किया था। पिछले पौने 3 सालों से यह प्रसिडेंट इन काउंसिल काम कर रही थी।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा में शामिल हुए जायसवाल के साथ

लेकिन वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के समय निर्दलीय विधायक प्रदीप जायसवाल भाजपा में शामिल हो गए और उनके साथ नगरपालिका परिषद के सभी निर्दलीय पार्षद भी भाजपा में शामिल हो गए। इस प्रकार नगरपालिका में पूरी भाजपा का कब्जा हो गया। लेकिन श्री जायसवाल विधानसभा चुनाव हार गए और भाजपा के कट्टर समर्थकों से उनका तालमेल भी बराबर नहीं बैठ पा रहा है।

### भाजपा के पार्षद अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे

वहीं परिषद में निर्वाचित मूल भाजपा के 5 पार्षद हमेशा अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। जिसके कारण उनका तालमेल भी नहीं बैठ पा रहा था। इसी बीच भाजपा के मंडल अध्यक्षों के चुनावों में भी श्री जायसवाल ने अपने समर्थकों को ही मंडल अध्यक्ष के पद पर बैठाया, जिससे मूल भाजपाई और भी नाराज हो गए।

### नाराज भाजपाईयों को मनाने उठाए जा रहे कदम

इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए और नाराज भाजपाईयों को मनाने की दृष्टि से पहला कदम मंडल के पदाधिकारियों के मनोनयन में उठाया गया और अधिकांश नाराज भाजपाईयों को मंडल के विभिन्न पदों पर मनोनीत करवाया गया। अब दूसरे कदम के रुप में नगरपालिका परिषद की प्रसिडेंट इन काउंसिल को भंग किया गया हैं। जिसमें पहले सभी 6 पार्षद श्री जायसवाल के कट्टर समर्थक थे।

### भाजपा के 5 में से 3 को शामिल करने की चर्चा

चर्चा हैं कि परिषद में मूल भाजपा के जो 5 पार्षद चुनकर आए हुए हैं, उनमें से 3 पार्षदों को प्रसिडेंट इन काउंसिल के नवीन गठन में शामिल किया जायेगा। जिससे उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास किया जायेगा। वैसे भी परिषद में जितने भी पदाधिकारी या पार्षद हैं, वह नाममात्र के दिखावे के लिए हैं। क्योंकि यह पार्षद अपनी मर्जी से कोई भी काम नहीं करवा पाते हैं। जब तक हाईकमान से आदेश ना आए, सीएमओ उनकी किसी भी बात पर कोई कार्यवाही नहीं करती हैं। इसके कई उदाहरण नगरवासियों को देखने में आ चुके हैं। अब देखना यह हैं कि अध्यक्ष सरिता दांदरे को कब प्रसिडेंट इन काउंसिल में शामिल करने के लिए पार्षदों के नाम की हरी झंडी मिलती हैं और वह प्रसिडेंट इन काउंसिल का गठन करती है?

## प्रिया मानेश्वर का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन



**वारासिवनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की गई चयन परीक्षा में ग्राम कोसरीटोला निवासी कुमारी प्रिया गणेश मानेश्वर का चयन होने से परिवार में हर्ष व्याप्त हैं। कुमारी प्रिया के चयन पर ग्रामीणों द्वारा उनका समान किया गया। विदित हो कि तहसील वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम कोसरीटोला मुरझड़ में मूल निवासी संघ तहसील इकाई वारासिवनी द्वारा नवोदय चयन परीक्षा कक्षा 6 में प्रवेश हेतु निश्शुल्क कोचिंग सेंटर चलाया जा रहा हैं। जिसमें क्षेत्र के ग्रामों में निवास करने वाले मूल निवासियों के गरीब बच्चों को पढ़ाया जाता हैं, जिससे वह जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली कक्षा 6 वीं की परीक्षा में भाग लेकर उत्तीर्ण होकर नवोदय में प्रवेश लेकर अपना भविष्य सुरक्षित कर सके। प्रिया मानेश्वर के नवोदय चयन परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उनके परिजनों व शुभचिंतको ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के निर्वाचन सपन्न

### तहसील अध्यक्ष पंचम हनवत एवं विकासखण्ड अध्यक्ष डिलेश खंडेलकर बने

**वारासिवनी।** राज्य कर्मियों के लिये द्वितीय श्रेणी अधिकारियों से चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बीच राष्ट्र हित, प्रदेश हित एवं कर्मी हित के उद्देश्य से कार्यरत मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तहसील कार्यालय में संघ के तहसील एवं विकासखण्ड शाखा के निर्वाचन मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व कार्यकारिणी प्रदेश सदस्य के. जी. बिसेन की अध्यक्षता में सपन्न हुये। जिसमें तहसील शाखा अध्यक्ष पंचम हनवत, उपाध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा मेश्राम शिक्षक, पीयूष नेवारे रीडर एस.डी.एम कार्यालय व भवानी प्रसाद बिसेन वन विभाग, सचिव विजय दखने व्यायाता, सहसचिव जितेन्द्र कुमार डोंगरे सहायक पशु चिकित्सक तथा कोषाध्यक्ष लखपति बिसेन सहायक पशु चिकित्सक निर्वाचित हुये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में झंकार सिंह बिसेन शिक्षक, इंकेल कुमरे स्वास्थ्य विभाग, श्रीमती अनिता पारधी कृषि विस्तार अधिकारी, मानसिंह घरडे पशु चिकित्सा विभाग, यशपाल चौधरी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मिताली शुक्ला कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रशांत डिब्बे सहायक ग्रेड 3 का मनोनयन किया गया।इसी कड़ी में विकासखण्ड शाखा अध्यक्ष डिलेश खंडेलकर कृषि विस्तार अधिकारी, उपाध्यक्ष अरविंद राहंगडाले सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, संगीता वहिले बहुउद्देशीय स्वास्थ्य अभिकर्ता एवं उदेलाल तुरकर जनजातिकार्य विभाग, सचिव प्रमोद कटरे सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, सहसचिव मिलिंद बिसेन स्वास्थ्य विभाग, कोषाध्यक्ष विशाल वाहने छात्रावास अधीक्षक जनजाति कार्य विभाग निर्वाचित हुये। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में ज्ञानेन्द्र पटले अध्यापक, श्रीमती कुमुदिनी पंवार कृषि विभाग, लोकेश लांजेवार कार्यालय सहायक, संतोष वाल्दे शिक्षा विभाग, विपिन गजभिये अध्यापक, किशन मसखरे शिक्षा विभाग एवं अशोक पारधी राजस्व विभाग का मनोनयन किया गया।निर्वाचन पश्चात संगठन के पूर्व कार्यकारिणी प्रदेश सदस्य के.जी. बिसेन ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करते हुए राष्ट्रहित, प्रदेश हित एवं संगठन हित में कार्य करने का आव्हान करते हुये संगठन में मजबूती कैसे आये? विषय पर विस्तृत चर्चा की। जिससे मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे अंतिम छोर के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारी हित में कार्यकारिणी की शपथ ली एवं वारासिवनी तहसील में संचालित राज्य शासन के सभी विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों से चर्चा कर विभागीय प्रकोष्ठ के गठन की बात कही, ताकि विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को संगठन के पटल पर लाया जा सके।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के निर्वाचन पर संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक बिसेन, जिला सचिव बालेश्वर राहंगडाले, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव, साहित्यकार एवं संगठन के संरक्षक प्रणय श्रीवास्तव, वरिष्ठ पदाधिकारी नीरज वर्मा, वाय. आर. ऐडे, शलभ सिंह बैस, के.के. ऐडे, एस.के. चौधरी, एम.डी. नगपुरे सेवानिवृत्त प्राचार्य, हुमराज पटले प्राचार्य सी. एम. राईज, सत्येन्द्र शरणागत बी. आर. सी, कमल सिंह धुर्वे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, श्रीमती प्रतिभा टेम्भरे वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, एस.आर. कटरे, पी.आर. बिसेन, सुरेन्द्र बिसेन सेवानिवृत्त बी.एस.एफ. अधिकारी, वरिष्ठ शिक्षक लखन रिन्हायत, सेवानिवृत्त प्राचार्य व्ही. के. चौधरी, डॉ. मनोज पवार, डॉ. डेलेन्द्र गौतम सहित अनेक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने अपनी बधाईयां एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की।

**खबर संक्षेप**

## कुरई मे रेत माफियाओं और शराब माफियाओं का धंधा जोरों पर

सिवनी/कुरई/बादलपार : जिले के कुरई विकास खंड में रेत माफियाओं और शराब माफियाओं का धंधा जोरों से चलते हैं। जो कि पूरा प्रदेश में चर्चित हैं। आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र और फोर लाइन से सटे ग्राम में अवैध भूमि पर कब्जा कर धन्ना सेठों के रिसोर्ट संचालित हो रहे है। अवैध शराब मनमाने ढंग से बिक रही हैं। सूत्रों के मुताबिक धन्ना सेठों के रिसोर्ट में कई गैर कानूनी कार्य भी होते है। रेत माफियाओं, शराब माफियाओं का भी कार्य जोरो पर है, थाना ओर पुलिस चौकी के सामने से फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं। जिला के आबकारी, खनिज विभाग,पुलिस राजस्व विभाग की सहमति देखी जा सकती है। खेरघाट, जोगीवाडा, ग्वारी नेवरी नदी को तो रेत माफियाओं, शराब माफियाओं ने गांव गांव शराब परोस कर ग्रामीणों नव युवकों को खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सुनियोजित ढंग से संचालित हो रही है। जिसमें पुलिस आबकारी एवं खनिज विभाग की मौन सहमति देखी जा सकती है।

# सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का स्वाद, महंगाई ने उड़ाए होश

## घरेलू गैस के बाद सब्जियों ने भी छोड़ा साथ, टिंडे, मटर, लहसुन और नींबू की कीमतें 100 से 200 रुपए किलो तक पहुंचीं

**रसोई का बजट इन दिनों पूरी तरह से बिगड़ गया है। एक तरफ जहां घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपए की बढ़ोतरी ने लोगों की जेब पर असर डाला है, वहीं अब सब्जियों ने भी महंगाई का तडका लगा दिया है। सब्जी मंडी में फुटकर सब्जियों के दामों की जांच करने पर यह सामने आया कि अधिकांश सब्जियां अब 50 रुपए प्रति किलो से ऊपर बिक रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

टमाटर भले ही अभी 10 रुपए प्रति किलो के आसपास बिक रहा है, लेकिन अन्य प्रमुख सब्जियों जैसे आलू और प्याज के दाम भी अब बढ़ गए हैं। बाजार में गिलकी और धनिया पत्ती 50-60



रुपए प्रति किलो बिक रही हैं, जबकि करेला, बरबटी, तुरई, कटहल, फर्राश, पुदीना, मैथी, सहजन, गाजर, अदरक, पालक जैसे रोजमर्रा की सब्जियों के दाम 60 से 80 रुपए प्रति किलो के बीच पहुंच चुके हैं।

सबसे अधिक महंगे सब्जियों में टिंडा 80-100 रुपए, मटर और परवल 100-120 रुपए, चने की भाजी और लहसुन 100 रुपए से अधिक तथा नींबू 200 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। हालांकि कुछ सब्जियों ने आम उपभोक्ता को राहत जरूर दी है। इनमें आलू 20-25, पत्तागोभी 20-30, प्याज 25-30, कद्दू, लौकी, फूलगोभी, बैंगन, खीरा, चुकंदर 30 से 40 रुपए प्रति किलो के बीच उपलब्ध हैं।

### महंगाई की मार

टिंडा- 80-100 रु./किलो
मटर, परवल- 100-120 रु./किलो
चने की भाजी, लहसुन- 100-120 रु./किलो
नींबू- 200 रु./किलो

**कुछ राहत देने वाली सब्जियां**

आलू- 20-25 रु./किलो
पत्तागोभी- 20-30 रु./किलो
प्याज- 25-30 रु./किलो
कद्दू, लौकी, फूलगोभी- 30-40 रु./किलो

महंगाई के इस दौर में आम जनता का रसोई का संतुलन बनाए रखना अब चुनौती बन गया है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आम उपभोक्ता के लिए हरी सब्जियों को खरीदना मुश्किल हो जाएगा।

# मंडी सचिव दो माह से अन्नदाताओं को मंडी का लगवा रहे चक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के सिवनी बिकास खंड अंतर्गत आने वाले नंदौरा,जमुनिया,वटवानी, आमाकोला के दर्जनों किसानों ने अपनी उपज को कृषि उपज मंडी में लगभग दो माह पूर्व ले जाकर बेचा जिसका भुगतान आज दिनांक तक नहीं मिला। किसानों ने बताया कि तीज त्यौहार शादी विवाह में बेचे हुए अनाज की रकम की बहुत जरूरत है। मंडी सचिव से बार बार निवेदन करने पर भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान न होने आक्रोशित किसानों ने जिला कलेक्टर को तत्काल भुगतान कराए जाने की बात कही जिसमें किसान- मोहन सनोदिया नंदौरा, चेतराम सनोडिया जमुनिया ,निमेष सनोदिया,भगवान सिंह, राघवेंद्र, गोलू, उत्तम,सुरेश डेहरिया अन्य किसान है।



# दलसागर तालाब में लाईटफाउन्टेन एवं साउंड सिस्टम हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान और परिषद की सिवनी नगर के लिए एक ओर सौगात। राजा दलपत शाह द्वारा निर्मित ऐतिहासिक दलसागर तालाब में लाईटफाउन्टेन एवं साउंडसिस्टम प्रारंभ किया गया जोकि रात्रि के समय देखने में बहुत ही आकर्षक लग रहा था नगरपालिका स्वास्थ्य सभापति राजिक अकील ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि दलसागर तालाब के चारों और फाउन्टेन, लाईट एवं मध्य में फाउन्टेन द्वारा चारो ओर फैलाई गई पानी की बौछारों से एक स्क्रीन का रूप ले लिया जाता है जिसमें बीच तालाब में चित्रण के माध्यम से सिवनी जिले के धार्मिक क्षेत्र, पर्यटक क्षेत्र एवं अन्य ऐतिहासिक क्षेत्रों का बहुत ही सुन्दर वर्णन उस पानी के बौछार के स्क्रीन में देखने को मिलता है, जब यह दलसागर तालाब में फाउन्टेन, लाईट,साउंड प्रारंभ किया गया तो वहॉ उपस्थित दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था, दर्शको में से कुछ आवाज आ रही थी कि सिवनी नगरपालिका ने नागरिकों के मनोरंजन के लिए नया काम किया है वैसे तो शफीक खान नगरपालिका अध्यक्ष बनने के बाद अनेक विकास कार्य हुये है लेकिन यह कार्य दलसागर में पूरे मध्यप्रदेश में एक या दो स्थानों पर देखने को मिलेगा, जिले के लोंगो को रात्रि 7 बजे के बाद एमएलबी रोड़, चौपाटी के सामने जाकर यह मनमोहक दृश्य अवश्य देखना चाहिये।

## मिशन परिवार विकास पखवाडा आयोजन 25 अप्रैल तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य चिकित्साप एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि परिवार कल्यायण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में परिवार नियोजन की सेवाओं के प्रति जागरूकता एवं स्वीलकार्यता बढाने हेतु मिशन परिवार विकास पखवाडा मनाया जाता है ताकि जन समुदाय में परिवार नियोजन के स्था ई एवं अस्थावई साधनों के संबंध में जागरूकता लाई जा सके। वित्तीयि वर्ष 2025-26 में शासन के दिशा निर्देश अनुसार जिले में परिवार विकास पखवाडे का आयोजन दिनॉक 11 से 25 अप्रेल 2025 तक किया जाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मिशन परिवार विकास पख्वा डे का मुख्ये उद्देश्य यह भी है कि महिलाओ के साथ-साथ पुरूषों की भागीदारी को बढाया जा सकें। इसके साथ ही सास बहु सम्मेउलन प्रत्येक ब्लॉक मे 2-2 करवाए जायेगें जिससे समुदाय में परिवार नियोजन के संबंध में जागरूकता आ सके एवं लोग अपनी पसंद से स्थाकई एवं अस्थांई साधनों का चयन कर उपयोग करे जिससे जनसंख्याअ वद्धि को नियंत्रित किया जा सके एवं मात मत्युं एवं शिशु मत्युस दर में कमी लाई जा सके।

# बूंद बूंद के लिए तरस रहा शहर प्रशासन हो गंभीर

## कलेक्टर से मिलकर पेयजल की समस्या से अवगत कराया - आशीष मानाठाकुर

**लंबे अरसे से सिवनी नगर में पानी की समस्या एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु काल में सिवनी शहर की जनता को बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ता है और प्रशासन को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। लोगों को पीने के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए जल्द से जल्द उपाय किए जाने चाहिए आज पानी ना मिलने से रोजगार एवं शिक्षा भी प्रभावित होती है**

निम्न बिंदुओं पर दिए सुझाव ताकि सिवनी नगर में पानी की समस्या हमेशा के लिए हो खत्म





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसका नुकसान सिवनी नगरवासियों को होता है भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष मानाठाकुर ने जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से मिलकर ज्ञापन दिया है जिसमें हर साल और बीच बीच में सिवनी की जनता जो पानी की कमी से जूझती है उससे राहत मिल सके इसके लिए आशीष माना ठाकुर ने अपने पत्र में जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुए बताया कि अगर नगर पालिका में 2 WTP है लेकिन उसमें जलप्रयाद की क्षमता नगण्य है जिस हेतु बंदोल और सुआखेड़ा WTP वा बैनगंगा नदी का ग्रहणीकरण करना आवश्यक है इसीके साथ विधुत ट्रांसफार्मर के वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए जिसमें सोलर ऊर्जा का उपयोग किया जाना चाहिए और साथी ही PHE विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को बीच लाईन में ट्यूबेल इत्यादि के माध्यम से जो पानी सिंचाई के लिए दिया जा रहा है उसे वर्तमान इस्तिथी को देखते हुए रोका जाना चाहिए जैसा की ज्ञात है नगर पालिका परिषद सिवनी के द्वारा जल संसाधन विभाग को प्रतिवर्ष राशि का भुगतान किया जाता है इसके उपरांत भी नगरवासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है आशीष माना ठाकुर ने अपनी प्रेस नोट में कहा की जब तक पानी की समस्या खत्म नहीं होती तब तक सिवनी शहर के 24 वार्डों के मोहल्ले कालोनी चौक चौराहों पर नगर पालिका परिषद के माध्यम से टैंकर की व्यवस्था कराई जाए ताकि शहर की जनता को पानी की समस्या से थोड़ी राहत मिल सके इसी के साथ मामले की गम्भीरता को समझते हुए जिला कलेक्टर के द्वारा यह कहा गया की जल्द से जल्द सिवनी में चल रही पेयजल की समस्या को खत्म करने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे।



## पेड़ों को कटने से बचाने के लिए बैठक हुई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शीलादेही में ग्राम की उपयोगी भूमि एवं पेड़ों को कटने से बचाने के लिए ग्राम सभा की बैठक हुई, साथ ही शासन द्वारा आवंटन के विरुद्ध न्यायिक लडाई के लिए 9 सदस्यों की समिति गठित की गई।

## सिद्ध हनुमान मंदिर में विशेष महाभिषेक व भंडारा आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय से 12 किमी.दूर मुंगवानी कलां में अस्पताल परिसर में स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव विधि विधान से मनाया जायेगा। 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का सुबह 10 बजे से पंडित श्याम तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दूध,दही,शहद, घी,गंगाजल एवं पंचामृत से विशेष महाभिषेक किया जायेगा। तत्पश्चात हनुमान जी महाराज को सिंदूर लगाकर चोला श्रृंगार किया जायेगा। वही चोला श्रृंगार के बाद श्री राम स्तुति,हनुमान चालीसा पाठ,सुंदरकांड का पाठ एवं महाआरती की जाएगी। उसके बाद दोपहर 12 बजे से हवन पूजन किया जायेगा। हवन पूजन के बाद हनुमान जी महाराज को भोग अर्पण किया जायेगा। उसके बाद विशाल भंडारे शुरू होगा। मंदिर समिति ने हनुमान जन्मोत्सव आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# गौवंश का मांस परिवहन करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं अति. पुलिस अधीक्षक शर्मा के द्वारा जिले में चल रहे अवैध गतिविधियों गौवंश परिवहन / गौवंश मांस परिवहन पर नियंत्रण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थान प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। दिनांक 11अप्रैल के प्रातः 06:00 बजे मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक सफेद रंग की एक्टिवा गाड़ी में कुछ लोग गौवंश का मांस ग्राम पायली के जंगल में ले जा रहे है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उक्त सूचना की प्राप्ति पर नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पाण्डे के द्वारा थाना प्रभारी लखनवाड़ा को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी लखनवाड़ा के नेतृत्व में मुखबिर के बताये स्थान ग्राम पायली के जंगल में पुलिस टीम पहुंची जहां पर एक व्यक्ति सफेद रंग की स्कूटी से आते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह स्टाफ के घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम रिजवान पिता मो० उस्मान खान उम्र 27 साल निवासी तिग्गा मोहल्ला संजय वार्ड सिवनी का रहने वाला बताया। एवं स्कूटी में सामने तरफ रखी हरी पीली रंग की प्लास्टिक की बोरी में लगभग 20 किलो गौवंश मांस रखा होना बताया। आरोपी रिजवान खान से पूछताछ करने पर बताया कि 03 दिन पहले ग्राम पायली निवासी संजय उर्फ सन्जू उईके व इन्दरलाल उर्फ भूरा उईके मेरे साथी शहजाद पिता कमर खान निवासी संजय वार्ड सिवनी, जुबेर उर्फ जुब्बू व अन्य दो लोग के साथ (जिनके नाम मैं नहीं जानता हूं मेरा साथी शहजाद खान नाम जानता है।) संजय एवं इन्दरलाल के पास रखी सफेद रंग की गाय एवं सफेद रंग की बछिया को ग्राम पायली के जंगल में काटकर गौवंश मांस ले जाकर बेचने की योजना बनाये थे। जो दिनांक 11अप्रैल को बछिया को अपने साथीयों के साथ काटकर गौवंश मांस को बेचने के लिये जा रहे थे जुबेर उर्फ जुब्बू के साथ अन्य दो लोग जिनके नाम में नहीं जानता हूं मेरी मोटर सायकिल कमांक एमपी 28 एमक्यु 0848 से व शहजाद, संजय और इन्दरलाल पैदल भाग गये है। मैं जुबेर की सफेद रंग की सुजुकी कम्पनी की स्कूटी कमांक एमपी 22 जेई 9868 में गौवंश मांस की एक बोरी में रखे हुए शेष अवशेष पायली के जंगल में पड़ा हुआ बताया। आरोपी रिजवान के बताये स्थान का निरीक्षण करने पर बछियां का कटा हुआ सिर, आंते व कुछ दूरी पर हड्डी में लिपटा मांस का टुकड़ा, चमड़ा, एक पैर, मांस काटने के लिये लकड़ी का टुकड़ा, एक मांस काटने का चाकू, एक मोटर सायकिल होण्डा साईन कमांक एमपी 53 एमडी 0562, सुजुकी कम्पनी की स्कूटी कमांक एमपी 22 जेई 9868 तथा कुछ दूरी पर इन्दरलाल उईके के घर के पास एक सफेद रंग की गाय बंधी मिली जिसे समक्ष गवाहों के जप्त किया गया है। प्रकरण में जप्तशुदा गौवंश मांस से अन्य बीमारियों संबंधी संकमण का खतरा होने से जप्तशुदा गौवंश मांस के नष्टीकरण की कार्यवाही सक्षम अधिकारी की निगरानी में गौवंश मांस को गढढे में दफन कर की गई। बाद आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 160/2025 धारा 4/9, 5/9 म०प्र० गौवंश प्रति० अधि० 11 (1) (एल) पशु क्रूरता अधिनियम, 325, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है।

## नजूल निवर्तन बैठक में भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा कर दी गई विभिन्न प्रकरणों में सैद्धांतिक स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अप्रैल 25/ कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में नजूल निवर्तन समिति की बैठक 11 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय भवनों एवं विकास कार्यों के निर्माण के लिए प्रस्तुत भूमि आवंटन के आवेदन पर विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जल संसाधन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एमपीईबी, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर प्रस्तावावार संबंधित अधिकारियों से चर्चा की तथा प्रस्ताव की उपयोगिता तथा प्रस्तावित भूमि की स्थिति उचित पाए जाने पर कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। उक्त बैठक में सीईओं जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित सभी अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीएम राईज डूंडासिवनी में प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्राचार्य सी.एम.राइज विद्यालय डूण्डासिवनी ने बताया कि सी.एम.राइज विद्यालय डूण्डासिवनी में कक्षा **KG.I** से कक्षा 11वीं तक हिन्दी माध्यम में उपलब्ध रिक्त सीटों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। उन्होंने बताया कि सी.एम.राइज विद्यालय डूण्डासिवनी को केन्द्र मानकर क्रमशः 1 किलोमीटर,02 किलोमीटर,03 किलोमीटर और परिधि में स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी। सीट रिक्त होने पर इसी के बढते क्रम में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया की जावेगी। आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने कि तिथि 11 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 शाम 05:00 बजे तक हैं। रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर शासन के निर्देशानुसार 26 अप्रैल 2025 को दोपहर 02:00 बजे प्रवेश हेतु प्रात्र विद्यार्थियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शाला में रिक्त सीटें क्रमशः केजी 01 में 40, कक्षा पहली में 05, कक्षा दूसरी में 04, कक्षा तीसरी में 02, कक्षा चौथी में 03, कक्षा नवमी में 50, कक्षा ग्यारहवीं आर्ट विषय के लिए 30, एवं कक्षा ग्यारहवीं में जीव विज्ञान विषय के लिए 30 तथा ग्यारहवीं में गणित विषयक के लिए 30 सीटें रिक्त हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्था से शाला समय पर संपर्क किया जा सकता हैं।

## बूंदाबांदी का कहर, कुम्हारों के सपनों पर फेरा पानी

# सिवनी जिले के लखनादौन में पुरखों का हुनर खतरे में

**सिवनी जिले के लखनादौन में मौसम ने अचानक करवट ली और हल्की बूंदाबांदी ने मिट्टी के बर्तन बनाने और बेचने वाले कुम्हारों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। यह बारिश सिर्फ पानी की बूंदें नहीं, बल्कि इन कारीगरों के सदियों पुराने हुनर और उनकी रोजी-रोटी पर गिरती आफत है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



लखनादौन के कुम्हार, जो पीढ़ी दर पीढ़ी मिट्टी को आकार देकर अपने जीवन का निर्वाह करते आए हैं, आज प्रकृति के इस प्रकोप से बेबस नजर आ रहे हैं। बूंदाबांदी के कारण उनके द्वारा बड़ी मेहनत और लगन से बनाए गए मिट्टी के अनमोल बर्तन गीले होकर अपनी सुंदरता और मजबूती खो रहे हैं। जरा सी नमी भी इन नाजुक कलाकृतियों में दरारें पैदा कर देती है, जिससे ये बेचने लायक नहीं रह जाते।

इन कुम्हारों का दर्द यहीं खत्म नहीं होता। बारिश के चलते मौसम में आई ठंडक के कारण उनके 'देसी फ्रिज' कहे जाने वाले मटकों की मांग भी घट गई है। ऐसे में, एक तरफ तो उनके बर्तन खराब हो रहे हैं, और दूसरी तरफ बिक्री न होने से उनकी आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है।

खुले आसमान के नीचे, सड़क किनारे रखे ये मिट्टी के बर्तन कब तक इस मौसम की मार झेल पाएंगे, यह एक बड़ा सवाल है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि ग्रामीण अंचल में आज भी अपनी उपयोगिता बनाए रखने वाले मिट्टी के बर्तनों को बनाने वाले कुम्हार समाज को प्रशासन द्वारा लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। लखनादौन और आसपास के क्षेत्र के कुम्हार (प्रजापति) समुदाय में इस बात को लेकर गहरा रोष व्याप्त है कि उन्हें अपनी कला और अपने पूर्वजों के व्यवसाय को बचाने के लिए एक स्थायी और सुरक्षित स्थान तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। धूप, छांव, सर्दी या गर्मी, इन हुनरमंद कारीगरों की मजबूरी है कि वे सड़क किनारे ही अपनी दुकानें सजाएं। न तो उनके सामान की सुरक्षा की कोई व्यवस्था है और न ही उन्हें कोई अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध है।

उनकी आंखों में सिर्फ एक उम्मीद टिकी है कि शायद कभी प्रशासन उनकी पीड़ा को समझेगा और उन्हें अपनी कला को सम्मानपूर्वक प्रदर्शित करने और बेचने के लिए एक स्थायी जगह प्रदान करेगा।

आज लखनादौन के हर कुम्हार के मन में यही सवाल घूम रहा है कि कब प्रशासन उनकी सुध लेगा? कब उन्हें अपने पुरखों के इस अनमोल हुनर को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए एक सुरक्षित आश्रय मिलेगा? यह बूंदाबांदी सिर्फ मिट्टी के बर्तनों को ही नहीं भिगो रही, बल्कि इन मेहनतकशों की उम्मीदों को भी तर कर रही है। कहीं ऐसा न हो कि मौसम की बेरुखी और प्रशासन की उदासीनता मिलकर इस सदियों पुराने हुनर को हमेशा के लिए मिटा दे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्यों को मिल रही गति

## विकासखंड धनौरा जल संगोष्ठी, जल कलश यात्रा भुरकुंडी गांव में निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोडने के लिए दीवार लेखन, नारे, रैलियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार की गतिविधियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन संवर्धन अभियान 2025 के तहत जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन व जिला पंचायत सीईओ नवजीवन पवार के मार्गदर्शन में विकासखंड



धनौरा जिला सिवनी के ग्राम पंचायत भुरकुंडी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा जल संर्वधन जनजागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई।

ग्राम सरपंच श्रीमती लक्ष्मी भलावी एवं अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में जल का दुरुपयोग न करते हुए सदुपयोग करने की बात रखी गई तथा जल को भूमिगत करने के लिए आह्वान किया गया। पानी का कैसे बचाव करें इस विषय पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात ग्रामीण जनो,शिक्षकों के साथ स्कूल के बच्चों के साथ कलश यात्रा ग्राम में निकालकर ग्राम वासियों को नारों के साथ जल बचाने का संदेश दिया गया। अंत में पंचायत सभाकक्ष में जल शपथ सामूहिक जल संवर्धन हेतु शपथ लिया गया।

# गर्रा में बनेगा क्रिकेट मैदान, सरपंच वैभव बिसेन की मेहनत रंग लाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**गर्रा में क्रिकेट बनने से पंचायत उत्साहित, सरपंच वैभवसिंह बिसेन के साथ पंचायत ने किया सांसद का अभिनंदन, सरपंच ने कहा पंचायत ने ग्राम सभा से पारित कर सांसद को भेजा था प्रस्ताव, जिसमें लगी मोहर**



जिले में क्रिकेट प्रेमियों के लिए अब जल्द ही क्रिकेट स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। जिसकी प्रारंभिक सफलता के रूप में लगभग 19 ऐकड़ जमीन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को प्रदान कर दी गई है। गर्रा में आबंटित की गई, इस जमीन का प्रस्ताव, सरपंच वैभवसिंह बिसेन की पंचायत ने सांसद को भेजा था। जिसके बाद इस जमीन को क्रिकेट स्टेडियम के लिए स्वीकृत किए जाने की सकारात्मक पहल, सांसद भारती पारधी ने की। गर्रा पंचायत में क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने की खुशी पंचायत क्षेत्र के लोगो में भी है, चूंकि इसका फायदा पंचायत क्षेत्र के युवा क्रिकेटरो को भी मिलेगा। जिसमें सरपंच वैभवसिंह की दूरदर्शिता, दिखाई देती है। इस स्टेडियम के माध्यम से ना केवल, पंचायत क्षेत्र में क्रिकेट को पंख लगेंगे बल्कि गर्रा पंचायत का विकास भी होगा। गर्रा पंचायत क्षेत्र की 19 ऐकड़ भूमि पर क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा के बाद, शुक्रवार को पंचायत सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्राम के जागरूक नागरिकों ने सांसद भारती पारधी का, निज-निवास पर सम्मान किया। इस दौरान पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि गर्रा पंचायत की घास मद पंचायत की जिस जमीन पर सांसद जी ने खेल मैदान की स्वीकृति दिलाई है, उसके लिए हम उनका आभार और अभिनंदन करने पहुंचे थे। निश्चित ही पंचायत को क्रिकेट स्टेडियम बन जाने से फायदा होगा और यह ग्राम विकास में भी एक मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होने बताया कि ग्राम में विकास को लेकर वह स्वयं और पंचायत प्रतिनिधि, पूरी कर्मठता और निष्पक्षता के साथ प्रयासरत है। क्रिकेट स्टेडियम की जमीन की तलाश के दौरान जानकारी मिलने पर, पंचायत ने ही पहल करते हुए घास मद पंचायत की भूमि में क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने का प्रस्ताव हमने सांसद महोदय को भेजा था। जिसमें क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने की स्वीकृति मिलने से ग्राम में खुशी का माहौल है।

# भीषण जल संकट नियंत्रण के लिये कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जलाशयों में जल की कमी और बालाघाट शहर के लिये वैनगंगा नदी पर बनाये गये स्टाप डेम से सीमित जल होने पर अब नगर पालिका परिषद बालाघाट जलसंकट नियंत्रण के लिये प्रयास में जुटी हुई है। पहले कभी जलसंकट की स्थिति होने पर जलाशयों से जल की उपलब्धता हो जाती थी किंतु अब जलाशयों में भी घटते जलस्तर को लेकर यहां से भी पानी नहीं मिलने के संकेत है, जबकि वैनगंगा नदी के स्टाप डेम के संचयित किये गये पानी पर बालाघाट शहर, वारासिवनी नगरपालिका और जल निगम की भी निर्भरता है। जलसंकट नियंत्रण की मांग को लेकर नगरपालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभापति के साथ ही पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल 11 अप्रैल को कलेक्टर मृणाल मीना से मिलने पहुंचा जहां पर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए जलसंकट नियंत्रण के लिये ढूटी नहर को भरे जाने, ओवरफ्लो पानी ही नहरों में छोड़े जाने के साथ पेयजल के लिये पानी संरक्षित रखने के लिये मांग रखी गई।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्रीष्मकाल 2025 सीजन में अभी अप्रैल महीना चल रहा है किंतु जलस्त्रोत सूखने और जल नियंत्रण के उपायों को लेकर गंभीरता बनी हुई है। नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा 9 अप्रैल को वैनगंगा संभाग, जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर चर्चा की गई है। परिषद को ज्ञात हुआ है कि सिवनी जिले के भीमगढ़ बांध ने वैनगंगा नदी में ग्रीष्मकाल के लिये पानी छोड़ने से मना कर दिया है। समाचार पत्रों में ऐसी जानकारी प्रकाशित हुई है कि सिवनी जिले में जलसंकट की स्थिति है और लगभग 200 गांवों में पानी की कमी हो रही है इसलिए पोकलेन मशीन चलाकर जल के लिये प्रबंध किये जा रहे है। इस परिस्थिति पर बालाघाट नगर पालिका परिषद चिंतित है कि ग्रीष्मकाल के आगामी दिनों में शहरवासियों को जलप्रदाय करने के लिये कठिनाईयां हो सकती है।

बालाघाट नगर पालिका परिषद द्वारा वैनगंगा नदी के छोटे पुल पर समय पूर्व स्टाप डेम बनाया गया है, वर्तमान समय में नदी में स्टापडेम के माध्यम से जो जल संचय किया गया है उससे में वारासिवनी नगरपालिका परिषद, लालबर्रा क्षेत्र के 102 ग्राम, लामता क्षेत्र के 90 ग्राम तथा भरवेली क्षेत्र के लगभग 30 गांव के साथ ही बालाघाट नगर के सभी 33 वार्डो में शहरी नागरिकों को स्टापडेम के इसी संचयित जल से जलप्रदाय होता है।

**पेयजल को प्राथमिकता देने की कलेक्टर से मांग**

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भीषण जलसंकट की स्थिति ना हो इसलिए ढूटी बांध को भरने की प्रक्रिया करवाई जाये।

जब ढूटी बांध में जल संग्रहण हो और ओवरफ्लो की स्थिति रहे तब किसानों को नहरों से पानी दिया जाये। प्राथमिकता के तौर पर नागरिकों के लिये पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये ताकि भविष्य में भीषण जलसंकट की स्थिति निर्मित ना हो। इसलिए नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मांग रखी गई कि नहरों पानी छोड़ा जाता रहा तो वैनगंगा नदी, ढूटी जलाशय के जल पर निर्भर सैकड़ों गांवों तथा नगरीय क्षेत्र को पानी नहीं मिल पायेगा जो कि एक बड़ा जलसंकट होगा। इस हेतु मौखिक चर्चा में वैनगंगा संभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया है कि वैनगंगा नदी से संबंधित भीमगढ़, थावर जलाशय से जल की उपलब्धता होना संभव प्रतीत नहीं हो रहा है जबकि ढूटी बांध से नहरों में पानी दिये जाने से यहां भी जलस्तर लगातार घट रहा है ।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति समीर जायसवाल, वकील वाधवा, कमलेश पांचे, उज्वल आमाडारे, संगीता खगेश कावरे, योगिता विनय बोपचे, संगीता थापा, पार्षद रैना सुराना सहित अन्य पार्षदगण उपस्थित थे।

## गणेशी तालाब के अतिक्रमण हटाने का नहीं हो पा रहा श्री गणेश

# प्रशासन की अनदेखी से भगवान भरोसे लांजी के तालाब

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**रसूखदारों ने तालाब की जमीन पर तान दी बिल्डिंग**

**जिम्मेदारऔर जनप्रतिनिधी भी जानबूझकर बने अंजान**

लांजी में तालाबों के पास अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, साथ ही लगातार गंदगी का आलम है। जिस पर शासन-प्रशासन आंखे मूंदे हुए है। हम बात कर रहे है धर्मनगरी लांजी के हृदय स्थल में मौजूद गणेशी तालाब की। जो बढ़ते समय के साथ सिकुड़ता जा रहा है। दूसरी ओर नगर परिषद लांजी द्वारा तीन दिनो पूर्व जब नगर के वार्ड क्रमांक 17 का अतिक्रमण हटाया तो नगर के अन्य अतिक्रमण को हटाने की आवाज भी मुखर होने लगी है। जिसमें प्रमुख रूप से नगर परिषद कार्यालय के ठीक सामने गणेशी तालाब है जो नगर के लोगों की आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। वर्ष भर यहां पर धार्मिक आयोजन किये जाते रहते है जिसमें कलशो का विसर्जन हो या भगवान गणेश, मां दुर्गा, कृष्ण जन्माष्टमी की प्रतिमाओं का विसर्जन, नगर के सभी लोग यहां पहुंचते है। परंतु कुछ वर्षों से गणेशी तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ता जा रहा है और जिम्मेदार मौन है। जानकार बताते है की गणेशी तालाब की पार पर जो अतिक्रमण किया गया है उन पर नगर के धनाढ्य लोगों का कब्जा है जिसे शासन प्रशासन चाहकर भी हटा नहीं सकता। वहीं इस मामले में क्षेत्र के विधायक की खामोशी भी लोगों को खल रही है। दूसरी ओर जब कभी यहां अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की सुगबुगाहट भी शुरू होती है तो उससे निपटने के लिये पहले ही इंतजाम करना शुरू हो जाता है जिस कारण कार्यवाही अधर में लटक जाती है और अधिकारी कागजी कार्यवाही और प्रशासनिक व्यवस्था का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते है।



**कब चलेगा धनाढ्य लोगों केअतिक्रमण पर बुलडोजर**

लोगों का कहना है की प्रशासन सिर्फ गरीबों का आशियाना और उनकी रोजी रोटी पर अपना बुलडोजर चलाना जानता है। अमीर और धनाढ्य लोगों द्वारा कितना भी अतिक्रमण कर लिया जाए कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। लांजी क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है और आला अधिकारी सिर्फ जनप्रतिनिधियों की ईशारे पर काम करते है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

**एसडीएम नेदिया कार्यवाही का आश्वासन**

वही इस संबंध में एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने बताया कि गणेशी तालाब के सीमांकन के लिए नगर परिषद से पत्र प्राप्त होते ही दल का गठन कर दिया गया है। जिसमें लांजी तहसीलदार दल प्रभारी हैं इसके दो आरआई एवं आधा दर्जन पटवारी इस दल में शामिल किए गए हैं। जल्द ही सीमांकन करा दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में श्री सिंहसार ने बताया कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है तो तहसीलदार धारा 248 के तहत सक्षम हैं कि वे कार्यवाही कर सके, साथ नहीं नगर परिषद लांजी भी धारा 1961 के तहत कार्यवाही को अंजाम दे सकती है।

# कौशल प्रशिक्षण लेकर आये जिले के दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। वर्तमान समय विज्ञान एवं टेक्नॉलजी का समय है..और शिक्षा विभाग मे नवीन शिक्षा नीति 2020 लागू की जा चुकी हैं..ऐसी दशा में नवीन आयामों, तकनीकी, कौशल के माध्यम से शैक्षणिक कार्य होना आवश्यक हो गया है. जिसे मध्य नजर रखते हैं ।

आगामी समय में समस्त पी.एम.श्री स्कूलों के समस्त शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रशिक्षित किया जाना है इस हेतु प्रत्येक जिले से दो शिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर बनाया गया है जिसमें पीएम श्री शा.उच्च माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी से मनोज मेश्राम एवं पीएम श्री शा.उ.मा.वि.अमेडा से माधुरी चौकसे का चयन किया गया है।





आगामी समय में ये दोनों ही शिक्षकों द्वारा संभाग स्तर पर समस्त पी एम श्री स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि नई शिक्षा के अनुसार विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जा सके ।

बालाघाट जिले से श्री मनोज मेश्राम और श्रीमती माधुरी चौकसे पांच दिवसीय कौशल प्रशिक्षण क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान भोपाल से प्राप्त कर आये हैं उक्त प्रशिक्षण मे दोनो शिक्षकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान किये है उक्त सफल प्रशिक्षण से लौटने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय ,राजेन्द्र श्रीवास्तव, डी.एस.धुर्वे ,बी.आर.घरते ,आई. के.भरने,नरेंद्र गोखले,वी.के.बोरकर,एस.पी सैयाम,सुरेंद्र बिसेन सहित दोनो ही संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उज्जवल भविष्य की मंगल कामना प्रेषित किये हैं

# मॉयल भरवेली के नये अभिकर्ता भाटी एवं खान प्रबंधक कुमार ने पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

मॉयल लिमिटेड प्रबंधन के द्वारा गत दिवस किये गये प्रशासनिक फेरबदल के अंतर्गत भरवेली खदान समूह-1 में नये अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक के रूप में उम्मेदसिंह भाटी ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत भरवेली, उकवा, तिरोडी, सीतापठौर मॉयल खदानों का समावेश है। वे पूर्व में चिखला खदान समूह में कार्यरत थे और अब स्थानांतरित होकर भरवेली पहुंचे है। उन्होंने वर्तमान पद पर कार्यरत अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह से पदभार ग्रहण किया जिनका स्थानांतरण मनसर खदान समूह-3 में कर दिया गया है।

इस अवसर पर खान प्रबंधक विवेक कुमार सहित अनेक विभागीय प्रमुखगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि खान प्रबंधक विवेक कुमार सिंह ने पांच दिन पूर्व ही पूर्व खान प्रबंधक मयंक जैन से भरवेली का पदभार ग्रहण किया था। इसके पूर्व विवेक कुमार उकवा में भूमिगत खान प्रबंधक पद पर अपनी सेवायें दे रहे थें। जबकि मयंक जैन का तबादला भरवेली से चिखला खदान के लिये किया गया है। कार्यक्रम में दौरान उम्मेदसिंह भाटी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं निवर्तमान अभिकर्ता राजेश सिंह को भावभीनी बिदाई दी गई।





अपने प्रथम सम्बोधन मेंश्री भाटी ने कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभायेगें। उन्होंने कहा कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए उत्पादन, सुरक्षा, श्रमिक कल्याण और संगठन के समग्र विकास को प्राथमिकता देगें। भरवेली समूह खदान की प्रतिष्ठा एवं उपलब्धियों को और आगे बढाने का प्रयास करूंगा तथा सभी कर्मचारी व कामगार व अधिकारियों के सहयोग लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जायेगी।

वहीं निवर्तमान अभिकर्ता राजेश सिंह ने अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए भरवेली टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भरवेली में बिताया समय उनके लिये अत्यंत प्रेरणा दायक रहा और वे मनसर खदान समूह मे भी पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेगें। कार्यक्रम का समापन दोनों अधिकारियों को शुभकामनाओं और स्नेहपूर्ण बिदाई संवेदनाओं के साथ हुआ है।

# अब बिखरी जिंदगी को समेटने की जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**वार्ड क्रमांक 5 में अतिक्रमण के नाम पर हटाए गए 17 परिवारों का छलका दर्द**

**लांजी।** खुले में खाना बना रही यह वह महिलाएं है, जिनके घरो को, अतिक्रमण में हटा दिया गया, और उनके गोंडवाना भवन में रहने की व्यवस्था की गई है, लेकिन भवन में केवल एक हाल है, 17 परिवार कैसे रहेंगे? यह एक बड़ा सवाल है। स्थिति यह है कि खुले आसमान के नीचे बच्चे पढ़ रहे है और परिवारों का सामान बिखरा पड़ा है। पीड़ित परिवार के लोग अपने टूटे मकानों की ईटों को निकालने के काम में जुटे है। दरअसल, विगत 8 अप्रैल मंगलवार को एसडीएम और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में नगर परिषद लांजी ने वार्ड क्रमांक 5 मंडई टेकरी में जलमद की भूमि पर अतिक्रमण बनाकर रह रहे 17 परिवारों के आशियाने पर बुलडोजर चला दिया था। इस दौरान काफी गहमागहमी का माहौल था। हालांकि एसडीएम का कहना है कि इनके ठहरने और खाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन परिवार जा नहीं रहे है। यह उन परिवारों की हालत है, जिनके घरो को नगर परिषद ने अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया था। अब यह परिवार खुले आसमान के नीचे और हालिया दिनो में मौसम परिवर्तन की मार झेलकर, जीवन गुजार रहा है। महिलाएं खुले आसमान के नीचे खाना बना रही है तो, बच्चे बिना छत के पढ़ाई करने मजबूर है। अतिक्रमण की कार्यवाही में संतोष ऊईके, बेबी बाई, लक्ष्मी तिवारी, गणेश बरसागड़े, अनिल बरसागड़े, नीलता बाइ, लक्ष्मी बेनी पांडे, युवराज किरणापुरे, यूसुफ खान, धरम राउत, अंबिका बाई ठकराले, अनिल खनोरकर, सुनील खनोरकर, रामकली बाई खनोरकर सहित अन्य लोगों के अतिक्रमण हटाए गए थे। इस मामले में एसडीएम कमलसिंह सिंहसार बताते है कि प्रशासन प्रयास कर रहा है किए अतिक्रमण में हटाए गए लोग खुले स्थान पर न रहें, परंतु लोग जाने के लिये तैयार नहीं है। हमारे द्वारा तहसील कार्यालय से लगे गोंडवाना भवन में ठहरने की व्यवस्था की गई है और भोजन के लिये भी एक होटल में नगर परिषद द्वारा इंतजाम किये गये है परंतु पीड़ित परिवार बनाई गई व्यवस्था पर अमल नहीं कर रहे है।



# गांव चले अभियान में सांसद पहुंची घोटी गांव, मंदिर में की सफाई तो आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा, राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार, 11 अप्रैल को गांव चले अभियान के तहत सांसद भारती पारधी, बालाघाट विधानसभा के लालबर्रा विकासखंड के घोटी गांव पहुंची। यहां उन्होंने मंदिर में सफाई अभियान चलाया तो आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर, बच्चों को मिल रही शासन की सुविधाओं की जानकारी ली। यहां उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शॉल श्रीफल से सम्मान किया और चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उसके निराकरण का भरोसा दिलाया। इसके अलावा उन्होंन लाड़ली लक्ष्मी योजना, पीएम आवास और उज्जवला के हितग्राहियों से भी चर्चा की। यही नहीं बल्कि, सांसद भारती पारधी ने भाजपा कार्यकर्ता के घर में भोजन भी किया। सांसद भारती पारधी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार गांव चले अभियान के तहत घोटी गांव पहुंचे है। यहां मंदिर की सफाई के साथ ही आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर उनसे शासन की आंगनबाड़ी को मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी ली गई और ग्राम के वरिष्ठो भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। यहां एक चौपाल भी लगाई गई। जिसमें ग्रामीणों की समस्या को सुनकर उसे गंभीरता से लिया गया है। चौपाल में आए लोगो को हमने, समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया है। यहां, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पीएम आवास और उज्जवला के हितग्राहियों से भी चर्चा की।



# मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में 168 जोड़ो का हुआ सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजनान्तर्गत शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की जन्म जयंती पर नगर के तुरकर भवन सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सम्बंध में नगर पालिका सीएमओ श्री कतरोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सुव्यवस्थित तरीके के 168 जोड़ो का विवाह आयोजन किया गया। इसमें 157 हिन्दू, 7 अनुसूचित जाति व 4 जोड़ो का विवाह अनुसूचित जनजाति रीति रिवाज के अनुसार किया गया। इस दौरान सांसद श्रीमति भारती पारधी ने समारोह में शामिल लागों को संबोधित करते हुऐ कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने अंतिम छोर के हर व्यक्ति की चिंता की है। गरीब परिवार की बेटी के जब हाथ पिले करने होते है तो पिता को कर्जा लेना पड़ता था। लेकिन जब से पुर्व मुख्यमंत्री द्वारा योजना प्रारम्भ की गई तब से स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया है। आज वर्तमान मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव उसी परिपाटी को आगे बढ़ा रहे है। वहीं गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी सरकार खुद कर रही है ।



नपाध्यक्ष श्रीमति भारती ठाकूर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भाजपा सरकार ऐसी योजनाओं का संचार कर रही है, जिसमें हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। हमें सरकार का आभारी होना चाहिये कि आर्थिक दृष्टि से सशक्त हुये है। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना और कन्या सामूहिक विवाह आयोजन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना और कन्या सामूहिक विवाह जैसे आयोजन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।

**मरार माली समाज की बारात में शामिल हुए जनप्रतिनिधि**

सामूहिक विवाह आयोजन में मरार माली भवन से दूल्हों की बारात निकाली गई जिसमें जनप्रतिनिधी और सामाजिक प्रबुद्धजनो के साथ ही परिवारजनों ने ढोल-बाजे धुन पर थिरकते नजर आए। सामूहिक विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियो ने दिप प्रज्जवलित व कन्यापुजन कर समारोह का शुभारंभ किया। महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्मजयंती के अवसर पर वैवाहिक बंधन में बंधने वाले जोडो के लिये नगर पालिका परिषद एवं जिला प्रशासन ने उनके सामाजिक ,धार्मिक परम्परा और रीति-रिवाज के अनुरूप सामूहिक समारोह में व्यवस्थाऐ उपलब्ध कराई। सामूहिक विवाह समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे ने भी संबोधित किया।

इस दौरान नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति समीर जायसवाल, जिप सदस्य झामसिंह नागेश्वर, पुर्व जिप अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन, मौसम बिसेन, सभापति समीर जायसवाल, वकील वाधवा, संगीता खगेश कावरे, मरार माली समाज,धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम गोपाल सोनी, तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार, नपा सीएमओ बीडी कतरोलिया एवं योजना शाखा के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में नवजोड़ो के परिजन एवं रिश्तेदारों की उपस्थिति रही।